समाचार

# 13 अगस्त से संचालित होगा परसाभांठा नानवेज मार्केट, अब खुले में नहीं बिकेगा मांस मछली

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने बालको जोन के विभिन्न स्थलों का किया दौरा, परसाभांठा नानवेज मार्केट प्रारंभ कराए जाने एवं सड़क पर मांस मछली बेचने वालों को विस्थापित किए जाने के दिए निर्देश )




कोरबा 12 अगस्त 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोनांतर्गत परसाभांठा बाजार स्थित नानवेज मार्केट बुधवार 13 अगस्त से संचालित हो जाएगा, सड़कों पर मांस मछली का विक्रय करने वालों को वहॉ विस्थापित किया जाएगा, वहीं अब खुले में मांस मछली का विक्रय नहीं होगा। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के बालको जोनांतर्गत विभिन्न स्थलों को दौरा किया एवं परसाभांठा नानवेज मार्केट को बुधवार से संचालित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह पूर्व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने परसाभांठा नानवेज मार्केट का निरीक्षण कर उसकी तत्काल मरम्मत व सुधार कार्य कराने एवं वहॉ आवश्यक सुविधाएं त्वरित रूप से मुहैया कराकर नानवेज मार्केट संचालित कराए जाने के निर्देश दिए थे, निगम द्वारा उक्त नानवेज मार्केट का मरम्मत, सुधार कार्य कर लिया गया है तथा वहॉ बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं मुहैया करा दी गई हैं, आज पुनः आयुक्त श्री पाण्डेय अपने प्रातः भ्रमण के दौरान बालको जोन पहुंचे, विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया तथा परसाभांठा नानवेज मार्केट को बुधवार से संचालित किए जाने व सड़कों पर मांस मछली का विक्रय करने वालों को वहॉ पर विस्थापित कराए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि सम्पूर्ण नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों पर खुले में मांस मछली का विक्रय न हों, इस हेतु खुले में मांस मछली बेचने वालों का विभिन्न नानवेज मार्केटों में विस्थापन कराएं, उन्हें हिदायत दें कि खुले में नानवेज का विक्रय न करें तथा यह

सुनिश्चित कराएं कि पन्द्रह अगस्त के पश्चात खुले में मांस मछली का विक्रय न हों। आयुक्त श्री पाण्डेय ने परसाभांठा चौक को व्यवस्थित करने तथा वहॉ पर अस्थाई दखल करने वालों के समुचित व्यवस्थापन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

**वूमेन फार ट्री हेतु किया स्थल निरीक्षण** – शासन की अभिनव योजना '' वूमेन फार ट्री '' के तहत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वृक्षारोपण का कार्य किया जाना हैं, आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको जोनांतर्गत '' वूमेन फार ट्री '' के तहत किए जाने वाले वृक्षारोपण हेतु आज स्थल का निरीक्षण किया तथा पौधों के रोपण हेतु गड्ढों को तैयार कर एवं अन्य आवश्यक तैयारियॉ सुनिश्चित कर वृक्षारोपण कराए जाने की त्वरित कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियो को दिए।

**सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्थाएं रखें दुरूस्त** – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालकोनगर बस स्टैण्ड एवं परसाभांठा बाजार स्थित सार्वजनिक शौचालयों का औचक निरीक्षण किया एवं वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा। उन्होने शौचालयों की बेहतर साफ–सफाई, परिसर की साफ–सफाई एवं शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**स्वच्छता दीदियों से चर्चा, सफाई कार्यो का निरीक्षण** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको जोन की विभिन्न बस्तियों के साफ–सफाई कार्यो एवं वहॉ की स्वच्छता का औचक निरीक्षण किया, सड़को की सफाई, नालियों की सफाई आदि का सघन जायजा लेते हुए उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्य के दौरान एकत्रित कचरे का तुरंत उठाव सुनिश्चित कराएं तथा यह देखें कि स्थल पर नियत समय के बाद कचरा डम्प न रहे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने डोर–टू–डोर संग्रहण कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों से चर्चा की, उनके कार्यक्षेत्रों की जानकारी ली, उपयोग किए जा रहे सफाई रिक्शें में सूखा, गीला व डोमेस्टिक कचरे के लिए की गई पृथक–पृथक व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे शत प्रतिशत घरों से प्रतिदिन अपशिष्ट का संग्रहण करें तथा यह सुनिश्चित करें कि अपशिष्ट संग्रहण कार्य से कोई भी घर छूटने न पाएं।

भ्रमण के दौरान बालको जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, सहायक अभियंता एम.एल.बरेठ, उप जोन प्रभारी संजय ठाकुर, देवव्रत आदित्य, संतोष साहू, अवध लहरे, रामकुमार राठौर आदि उपस्थित थे।